| |
|---|
| दिनांक 24.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## <u>जनपद अलीगढ़/थाना बन्नादेवी</u>

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 03 लाख 05 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 24.06.2024 को थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1–रोहित 2–करन 3–राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 03 लाख 05 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना बन्नादेवी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–रोहित निवासी बरौला बाईपास थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ़।

2–करन निवासी मु0मोहल्ला थाना खैर जनपद अलीगढ़।

3–राजकुमार उर्फ राजू निवासी मु0मोहल्ला पुरानी तहसील थाना खैर जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–लूट के 03 लाख 05 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

**जनपद मथुरा/थाना फरह**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 96 लाख 30 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन**
- **01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23/24.06.2024 को थाना फरह व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा फरह से अभियुक्त लीला उर्फ लीलाधर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर अभियुक्त कृष्णकान्त को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 96 लाख 30 हजार रूपये नगद, चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.06.2024 को थाना फरह क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फरह पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना फरह पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लीला उर्फ लीलाधर निवासी मोहल्ला शाही सराय कस्बा व थाना फरह जनपद मथुरा।

2–कृष्णकान्त निवासी गढी पचौरी थाना फरह जनपद मथुरा, हालपता नई बस्ती थाना फरह जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 96 लाख 30 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन।

3–01 दो पहिया वाहन आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली**

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 24.06.2024 को थाना खतौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शेखपुरा रजवाहा पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त तुफैल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–तुफैल निवासी जैननगर थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद मैनपुरी/थाना कुर्रा

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 24.06.2024 को थाना कुर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिलिंदा पुल के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त दिनेश उर्फ पोला घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना कुर्रा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—दिनेश उर्फ पोला निवासी ग्राम चंदरपुर थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद ललितपुर/थाना कोतवाली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 02 चार पहिया, 09 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 24.06.2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहल्ला आजादपुरा के पास से 02 अभियुक्तों 1—बलवन्त 2—लालू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 चार पहिया, 09 दो पहिया वाहन बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बलवन्त निवासी डैम रोड आजादपुरा थाना कोतवाली जनपद ललितपुर।

2—लालू निवासी शिवनगर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 02 चार पहिया, 09 दो पहिया वाहन।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस—1**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 24.06.2024 को थाना फेस—1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ए—16 सेक्टर—06 के पास से 02 अभियुक्तों 1—सूरज 2—हर्ष उर्फ मौसम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व दिल्ली के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना फेस—1 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सूरज निवासी ज्ञानखण्ड प्रथम इन्दिरापुरम कमिश्नरेट गाजियाबाद, स्थाई पता श्रमिक विहार सेक्टर—30 जनपद फरीदाबाद हरियाणा।

2—हर्ष उर्फ मौसम निवासी राहुल कुंज ग्राम दल्लूपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली।

**बरामदगी**

1—चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढ़ाना**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक**
- **01 कार बरामद**

दिनांक 24.06.2024 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गढ़ी सखावतपुर चौराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–शशांक 2–रजत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक, 01 कार बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शशांक निवासी मोहल्ला अंसारी थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली।

2–रजत निवासी मोहल्ला अंसारी थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक।

2–01 कार।

———